i-NEXT PAGE 2

ड्राफ्ट बनाने में एलयू के शिक्षक भी शामिल

LUCKNOW : शासन की ओर से जल्द ही उत्तर प्रदेश संस्कृति नीति तैयार की जाएगी. इसके प्रारूप के लिए संस्कृति निदेशालय के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों को भी शामिल किया गया है. समिति में लवि के दर्शनशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रो. राकेश चंद्रा, लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज दीक्षित और फाइन आर्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संजीव किशोर गौतम को भी शामिल किया गया है. समिति में कुल नौ सदस्य हैं.

विधि संकाय में हुई लिटरेरी प्रतियोगिता

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजॉल्यूशन एंड लिटरेरी सोसायटी की ओर से शुक्रवार को प्रथम वीएन शुक्ल अंतर महाविद्यालयी लिटरेरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. सीपी सिंह एवं प्रो. आरके सिंह ने किया. उन्होंने छात्रों को बहुमुखी बनने के लिए अपने व्यक्तित्व को तराशने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंट्रल बार एसोसिशन के पूर्व उपाध्यक्ष अमरेश पाल सिंह ने छात्रों को सेमिनार और इंटर्नशिप के महत्व के बारे में बताया.

तीन प्रमुख मेडल के लिए हुए साक्षात्कार

LUCKNOW : एलयू में चांसलर गोल्ड मेडल, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल के चयन के लिए शुक्रवार को साक्षात्कार हुए. दोपहर 12 बजे से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में चांसलर और चक्रवर्ती मेडल के चयन के लिए छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई. उसके बाद अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व में शाम चार बजे से वाइस चांसलर गोल्ड मेडल के लिए साक्षात्कार हुआ.

मिस्टर फ्रेशर आलोक, मिस फ्रेशर बनीं वैभवी

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शुक्रवार को एमए तीसरे सेमेस्टर के छात्रों की ओर से प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को फ्रेशर पार्टी दी गई. इसमें विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डी. आर साहू व सीनियर प्रोफेसर एसके चौधरी सहित सभी अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे. कार्यक्रम में सत्र 2022-2023 के मिस्टर फ्रेशर आलोक यादव चुने गए. मिस फ्रेशर और बेस्ट परफार्मर का खिताब वैभवी द्विवेदी ने अपने नाम किया. कार्यक्रम के बेस्ट परफार्म राहुल बने.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

आलोक मिस्टर फ्रेशर, वैभवी मिस फ्रेशरस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शुक्रवार को एमए फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें आलोक यादव को मिस्टर फ्रेशर और वैभवी द्विवेदी को मिस फ्रेशर व बेस्ट परफॉर्मर का खिताब मिला। कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते बेस्ट परफॉर्मर राहुल को चुना गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डी आर साहू, सीनियर प्रोफेसर एस के चौधरी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि में हुआ लिटरेरी कॉम्पटीशन

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय में शुक्रवार को अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजॉल्यूशन एंड लिटरेरी सोसाइटी की ओर से पहला वी एन शुक्ल अंतर महाविद्यालयीय लिटरेरी कंपटीशन आयोजित किया गया। पूर्व डीन प्रो. सीपी सिंह व प्रो. आरके सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को बहुमुखी बनने के लिए व्यक्तित्व को तराशने की सलाह दी। मुख्य अतिथि व पूर्व उपाध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन अमरेश पाल सिंह ने छात्रों को सेमिनार व इंटर्नशिप का महत्व बताया। अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजॉल्यूशन एंड लिटरेरी सोसाइटी के टीचर कोआर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. हरीश चंद्र व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : 11 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का प्लेसमेंट तीन कंपनियों हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज व कैरियर किक सर्विसेस में हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर छह लाख के पैकेज पर हुआ है। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की छात्रा प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी के पद हुआ है। इन्हें अधिकतम 3.53 लाख का पैकेज मिला। कैरियर किक सर्विसेस में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर हुआ है। इनको तीन लाख का पैकेज मिला। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने सभी को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

विश्वविद्यालय के 10 छात्र बने असिस्टेंट प्रोफेसर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्रों ने कई छात्रों ने उच्च शिक्षा सेवा आयोग की ओर से हाल में जारी सहायक प्रोफेसर के परिणामों में सफलता पाई है। इसमें अजीत कुमार, अरिजिता वर्मा, प्रीति रावत, सचिन सिंह यादव, वीना गंगवार, अनुज यादव, निखिल वर्मा, आकांक्षा पाठक शामिल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह लविवि में लागू एनईपी का सकारात्मक परिणाम है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : एकेडमिक ऑडिट शुरू

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दूसरा कार्यकाल मिलने के साथ ही कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की बड़ी पहल शुरू की है। इस क्रम में उन्होंने विवि में एकेडमिक ऑडिट की कवायद शुरू की है। इसके तहत विस्तृत प्रोफार्मा जारी करते हुए विभागों से नौ जनवरी तक संबंधित जानकारी मांगी है।

इस कवायद की शुरुआत सत्र 2021-22 से हुई है। रजिस्ट्रार संजय मेधावी की ओर से जारी प्रोफार्मा में विभागों से उक्त सत्र में चलाए जाने वाले प्रोग्राम, शिक्षकों-कर्मचारियों की स्थिति, पीएचडी छात्रों व सुपरवाइजर की संख्या, पोस्ट डॉक मेंटरशिप, कैरिकुलम में किए गए बदलाव, कितने छात्रों का प्लेसमेंट हुआ आदि से जुड़ी जानकारी मांगी गई है।

विभाग द्वारा विभिन्न जर्नल में प्रकाशित, यूजीसी केयर लिस्ट में आए और पीर रिविव जर्नल में प्रकाशित शोधपत्रों का ब्योरा, किताबों के चैप्टर, किताबों को एडिट करने, प्रोजेक्ट, एमओयू की जानकारी देनी होगी।

विभागों को कोई विशेष प्रोजेक्ट मिला, कंसलटेंसी, पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार, कांफ्रेंस, वर्कशॉप, राष्ट्री-अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण, किसी महत्वपूर्ण कमेटी के सदस्य बने, ई-कंटेंट, ऑनलाइन कोर्स मैटेरियल डेवलप किया, विभाग का कोई यू-ट्यूब चैनल शुरू किया, कोई अवार्ड-फेलोशिप मिली, छात्रों से संबंधित गतिविधियों का आयोजन, स्पेशल लेक्चर आदि की जानकारी देनी होगी।

विभागों से सत्र 2021-22 से संबंधित सूचनाएं नौ तक मांगी

> विभागों से विभिन्न सूचनाएं मांगी गई हैं। इनसे विभाग की कमजोरी व मजबूती का पता चलेगा। यह सूचना अगले वित्तीय वर्ष में एकेडमिक वर्ष की प्लानिंग में सहायक होगी।
> **-प्रो. आलोक कुमार राय,** कुलपति, लविवि

प्रमुख मेडलों के लिए इंटरव्यू हुए

लखनऊ। लविवि में 21 जनवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह के लिए शुक्रवार को चांसलर, चक्रवर्ती व कुलपति गोल्ड मेडल के इंटरव्यू हुए। इसमें 60 मेधावी शामिल हुए। कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने चक्रवर्ती व चांसलर दोनों पदों के लिए आवेदन किया था। इंटरव्यू कुलपति की अध्यक्षता वाली कमेटी ने लिया। इसके साथ ही विवि प्रशासन जल्द ही प्रस्तावित मेडल सूची भी जारी कर देगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

PRERNA UDGHOSH PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय के 11 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

अमृत संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का 03 कम्पनियों (हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज व कैरियर किक सर्विसेस) में प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पीजीईटी) पद पर छह लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कम्पनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की छात्रा प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 6.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कम्पनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की छात्रा प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर- ट्रेनी के पद पर 3.53 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा कैरियर किक सर्विसेस कम्पनी में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एक्सक्यूटिव के पद पर अधिकतम 3.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। इसके अलावा कैरियर किक सर्विसेस कंपनी में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एक्सक्यूटिव के पद पर हुआ है। इनको तीन लाख का पैकेज मिला। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने सभी को बधाई दी।

NBT PAGE 4

एलयू के पांच शोधार्थी और एक छात्र का चयन

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** एलयू के विधि संकाय के पांच शोधार्थी और एक छात्र का चयन शुक्रवार को उच्च शिक्षा सेवा आयोग में असिस्टेंट प्रफेसर के पद पर हुआ है। एलयू की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विधि संकाय से पीएचडी कर रहे अजीत कुमार, अरिजिता वर्मा, प्रीति रावत, सचिन सिंह यादव और वीना गंगवार का चयन उच्च शिक्षा सेवा आयोग में सहायक प्रफेसर के पद पर हुआ है। वहीं निखिल विश्वकर्मा भी चयनित हुए।

11 छात्र-छात्राओं को मिली नौकरी

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के 11 स्टूडेंट्स का शुक्रवार को कैंपस प्लेसमेंट हुआ। हेक्सावेयर टेक्नॉलजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पीजीईटी) के पद पर 6.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में बीटेक के स्टूडेंट्स शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति समेत अन्य छात्रों का चयन हुआ है।

HINDUSTAN PAGE 6

इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का तीन प्राइवेट कम्पनियों में प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पर छह लाख प्रतिवर्ष पर, टीसीएस कम्पनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की एक छात्रा प्रतिष्ठा पांडेय का चयन 3.53 लाख प्रतिवर्ष पर हुआ।

एलयू: विधि संकाय के छात्र बने असिस्टेंट प्रोफेसर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग द्वारा सहायक प्रोफेसर के घोषित परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्रों ने सफलता अर्जित की है। विधि संकाय के अजीत कुमार, अरिजिता वर्मा, प्रीति रावत, सचिन सिंह यादव, वीना गंगवार, अनुज यादव, निखिल विश्वकर्मा, कंचन पाठक का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए हुआ है। उच्च शिक्षा आयोग में विश्वविद्यालय के अन्य संकाय के छात्र भी सफलता अर्जित कर चुके हैं।

मेडल्स के लिए हुए इंटरव्यू

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** 21 जनवरी को एलयू के दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले मेडल के लिए शुक्रवार को छात्रों के इंटरव्यू लिए गए। एलयू प्रशासन की ओर से दिए जाने वाले तीन प्रमुख चांसलर, चक्रवर्ती व कुलपति गोल्ड मेडल के लिए स्टूडेंट्स ने अपने-अपने दावे पेश किए। चांसलर गोल्ड मेडल के लिए सर्वाधिक 32, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए 31 और बेस्ट एनसीसी कैडेट को दिए जाने वाले कुलपति गोल्ड मेडल के लिए 7 आवेदन आए। डीएसडब्ल्यू पूनम टंडन ने शुक्रवार को बताया कि इंटरव्यू के बाद जल्द ही स्टूडेंट्स की फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

> 21 जनवरी को एलयू में मनाया जाएगा दीक्षांत समारोह

i-NEXT PAGE 2

एलयू के 11 छात्रों को मिली नौकरी

LUCKNOW (6 Jan): एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है. इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा हिमांशु पांडेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलाजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर छह लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज कंपनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी पद अधिकतम 3.53 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है. इसके अलावा कैरियर किक सर्विसेस कंपनी में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलेपमेंट एक्जक्यूटिव पद पर हुआ है.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि के 11 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का तीन कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पीजीईटी) के पद पर 6.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कंपनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की एक छात्रा प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर- ट्रेनी के पद पर 3.53 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा कैरियर किक सर्विसेस कंपनी में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एक्सक्यूटिव के पद पर अधिकतम 3.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है।

JAGRAN CITY PAGE III

हर विभाग का होगा एकेडमिक आडिट

लवि कुलसचिव ने विभागाध्यक्षों व निदेशकों से मांगा 2021-22 का लेखा-जोखा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) अपने हर विभाग एवं संस्थान का एकेडमिक आडिट कराएगा। इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों एवं संस्थान के निदेशकों को शैक्षिक सत्र 2021-22 का विस्तृत लेखा-जोखा निर्धारित प्रारूप पर देना होगा। इसमें पूरे सत्र में शोध की स्थिति, विद्यार्थी संख्या, पीएचडी से लेकर सभी 27 बिंदुओं पर रिपोर्ट नौ जनवरी तक ईमेल deanacademicslu@gmail.com पर उपलब्ध करानी होगी। कुलपति के आदेश पर कुलसचिव संजय मेधावी ने सभी विभागाध्यक्षों एवं निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

लवि में सात संकाय, 49 विभाग और 17 संस्थान संचालित हैं। परिसर में वर्तमान में 16,365 विद्यार्थी पढ़ते हैं। अब विश्वविद्यालय ने सभी विभागों और संस्थानों के एकेडमिक आडिट की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुलसचिव संजय मेधावी ने विभागों को प्रोफार्मा भेजकर सत्र 2021-22 की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद कुलपति को भेजी जाएगी, ताकि विभागों की एकेडमिक कमियों को दूर कर उसमें सुधार के लिए सुझाव दिए जा सकें।

हर विभाग को बताना है कितने प्लेसमेंट हुए, कितने रिसर्च : एडेमिक रिपोर्ट में हर विभाग को सत्र 2021-22 में कोर्स का नाम, उसमें पंजीकृत और एडमिट प्रवेश संख्या, टीचिंग स्टाफ के विवरण में प्रोफेसर का नाम, पद, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का नाम, पाठ्यक्रम में बदलाव का विवरण, पीएचडी कराने वाले सदस्य का नाम, उनके नेतृत्व में पीएचडी करने वाले शोधार्थियों का नाम, उनकी योग्यता, फेलोशिप, 2021-22 में कितनी पीएचडी अवार्ड हुईं, कितनी थीसिस जमा हुईं, पोस्ट डाक मेंडरशिप की स्थिति से लेकर प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों का नाम, कंपनी का नाम, पद और पैकेज भी बताना होगा। यूजीसी केयर लिस्टर के अनुसार कितने रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए, उसका भी इम्पैक्ट फैक्टर के साथ विस्तृत विवरण देना होगा।

एकेडमिक आडिट में हर विभाग को यह भी बताना होगा कि उनके शिक्षक कितने प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कितने एमओयू हुए और उसका क्या आउटकम निकला। राज्य व केंद्र सरकार की ओर से विभाग को कोई विशेष स्टेटस, पेटेंट या कापी कराया हो, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक विजिट, ई-कंटेंट एवं आनलाइन कोर्स विकसित करने से लेकर विभाग का यू-ट्यूब चैनल बनाया हो तो उसमें अपलोड किए गए वीडियो, सब्सक्राइबर आदि के बारे में रिपोर्ट देनी होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 11 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलाजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पीजीईटी) पद पर छह लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कंपनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्धांत राजपूत, साक्षी प्रजापति, रश्मि मिश्रा, मो. सलमान अंसारी, शुभम सिंह और एमसीए की प्रतिष्ठा पांडेय का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी पद अधिकतम 3.53 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। इसके अलावा कैरियर किक सर्विसेस कंपनी में बीटेक के छात्र सौरभ कुमार और बीसीए की छात्रा श्रद्धा मिश्रा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर हुआ है। इनको तीन लाख का पैकेज मिला। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने सभी को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

संस्कृति नीति का ड्राफ्ट बनाने में शिक्षक भी शामिल

शासन की ओर से जल्द ही उत्तर प्रदेश संस्कृति नीति तैयार की जाएगी। इसके प्रारूप के लिए संस्कृति निदेशालय के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। समिति में लवि के दर्शनशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रो. राकेश चंद्रा, लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज दीक्षित और फाइन आर्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संजीव किशोर गौतम को भी शामिल किया गया है। समिति में कुल नौ सदस्य हैं।

लवि : मिस्टर फ्रेशर आलोक, मिस फ्रेशर बनीं वैभवी

लखनऊ : लवि के समाजशास्त्र विभाग में एमए तीसरे सेमेस्टर के छात्रों की ओर से प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को फ्रेशर पार्टी दी गई। इसमें विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डी. आर साहू व सीनियर प्रोफेसर एसके चौधरी सहित सभी अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सत्र 2022-2023 के मिस्टर फ्रेशर आलोक यादव चुने गए। मिस फ्रेशर और बेस्ट परफार्मर का खिताब वैभवी द्विवेदी ने अपने नाम किया। कार्यक्रम के बेस्ट परफार्म राहुल बने। (जासं)

मेडल के लिए साक्षात्कार

लखनऊ : लवि में होने वाले दीक्षा समारोह में दिए जाने वाले चांसलर गोल्ड मेडल, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल और वाइस चांसलर गोल्ड मेडल के चयन के लिए साक्षात्कार हुए। दोपहर 12 बजे से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में चांसलर और चक्रवर्ती मेडल के चयन के लिए छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। उसके बाद अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व में शाम चार बजे से वाइस चांसलर गोल्ड मेडल के लिए साक्षात्कार हुआ। (जासं)

लखनऊ विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थी बने सहायक प्रोफेसर

जासं, लखनऊ: उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग की ओर से जारी सहायक प्रोफेसर के घोषित परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छह विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें प्रीति रावत, वीना कुमारी गंगवार, अरिजिता वर्मा, अजीत कुमार, सचिन सिंह, और निखिल वर्मा का नाम शामिल है। पांच विद्यार्थी विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। निखिल विश्वकर्मा ने विधि संकाय से एलएलबी आनर्स की पढ़ाई की है। इसके अलावा पीएचडी कर रहीं अंजू यादव और आकांक्षा पाठक का नाम प्रतीक्षा सूची में है।

> लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी आनर्स, डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से एलएलएम करने के बाद फिर लवि से पीएचडी कर रही हूं। टीचिंग में जाना था तो उसी आधार पर तैयारी की।
> **प्रीति रावत**

> वर्ष 2018 में लवि से एलएलबी, 2020 में एलएलएम किया। लाकडाउन हो गया तो प्रैक्टिस नहीं कर सका। फिर सोचा की एकेडमिक में आगे बढ़ना है। अभी लवि से पीएचडी कर रहा हूं। साथ ही तैयारी करता रहा और चयन हो गया।
> **सचिन सिंह**

> बरेली के नवाबगंज की रहने वाली हूं। रुहेलखंड वि. से एलएलबी व एलएलएम की पढ़ाई की। सहायक प्रोफेसर में पहली बार में सफलता मिली। काफी मेहनत की जो रंग लाई। पापा वीरेंद्र पाल सिंह किसान हैं।
> **वीना कुमारी गंगवार**

> लवि से एलएलबी करने के बाद मैंने बीएचयू से एलएलएम की डिग्री ली। पापा जगन्नाथ वर्मा शिक्षक हैं। कोल इंडिया लिमिटेड में लीगल एडवाइजर पद पर चयन हुआ है, लेकिन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर ही ज्वाइन करूंगी।
> **अर्जिता वर्मा**

TARUN MITRA PAGE 2, 14

उच्च शिक्षा आयोग के परिणाम घोषित

लविवि के छात्रों को मिली बड़ी सफलता

लखनऊ, 06 जनवरी (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग ने सहायक प्रोफेसर के परिणामों को घोषित कर दिया है। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्रों ने सफलता का सिलसिला जारी रखा है। सफलता पाने वाले छात्रों में अजीत कुमार, अरिजिता वर्मा, प्रीति रावत, सचिन सिंह यादव, वीना गंगवार, अनुज यादव, निखिल विश्वकर्मा और कंचन पाठक का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए हुआ है। उच्च शिक्षा आयोग में लविवि के छात्रों की लगातार सफलता छात्र-छात्राओं की विषय विशेष में अकादमिक उत्कृष्टता के साथ ही लविवि के उच्च शिक्षा में श्रेष्ठ मापदंडों को भी प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विवि नई शिक्षा नीति तथा शिक्षा के उच्चतम मापदंडों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके परिणाम बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की विभिन्न परीक्षाओं में सफलता से स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। वहीं, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.पूनम टंडन ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि लविवि के सफल छात्र-छात्राओं के अनुभव एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन से कनिष्ठ छात्रों को लाभान्वित करने के लिए कुलपति की प्रेरणा से 'संवर्धन' योजना सभी विभागों में चलाई जा रही है। जिससे कनिष्ठ छात्र अपने वरिष्ठ छात्रों से सीधे संपर्क कर शैक्षणिक व प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे मे सुलभता से जानकारी प्राप्त कर सकें।

छात्रों को उनके व्यक्तित्व तराशने को ले किया प्रेरित

लखनऊ, 06 दिसम्बर (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालव के विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजॉल्यूशन एंड लिटरेरी सोसायटी ने प्रथम वी.एन. शुक्ल अंतर महाविद्यालयी लिटरेरी कंपटीशन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो.डॉ. सीपी सिंह एवं प्रो. डॉ. आरके सिंह ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने छात्रों को बहुमुखी बनने के लिए अपने व्यक्तित्व को तराशने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अमरेश पाल सिंह (पूर्व उपाध्यक्ष, सेंट्रल बार एसोसिएशन) ने छात्रों को सेमिनार और इंटर्नशिप के महत्व के बारे में बताया।

PIONEER PAGE 3

उच्च शिक्षा आयोग के घोषित परिणामों मे एलयू के छात्रों को मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग द्वारा सहायक प्रोफेसर के घोषित परिणामों मे लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के छात्रों ने सफलता का सिलसिला जारी रखा है। सफलता पाने वाले छात्रों मे अजीत कुमार, अरिजिता वर्मा, प्रीति रावत, सचिन सिंह यादव, वीना गंगवार, अनुज यादव, निखिल विश्वकर्मा, कंचन पाठक का चयन हुआ असिस्टेंट प्रोफेसर हेतु हुआ है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है किउच्च शिक्षा आयोग मे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की लगातार सफलता छात्र छात्राओं की विषय विशेष मे अकादमिक उत्कृष्टता के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय के उच्च शिक्षा मे श्रेष्ठ मापदंडों को भी प्रदर्शित करती है।

11 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 11 छात्रों का 3 कम्पनियों हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कैरियर किक सर्विसेस में प्लेसमेंट हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज कम्पनी में बीटेक के सात छात्रों शिवम वर्मा, प्रभात सिंह, सिद्ध